टीके कहाँ से लगवाएं

प्रतिरोधक टीके निम्नलिखित द्वारा लगाए जाते हैं:

- सामान्य चिकित्सक
- कुछ स्थानीय कौंसिलों में
- कुछ कम्युनिटी हैल्थ सेंटरों में

यदि आपको अपने क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं की पूरी जानकारी नहीं है तो आप अपने नज़दीकी पब्लिक हैल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य यूनिट) से 1300 066 055 पर संपर्क कर सकते हैं।

SAVE THE DATE TO VACCINATE

प्रतिरोधण के बारे में अधिक जानकारी के लिए immunisation.health.nsw.gov.au पर जाएं और SAVE THE DATE नामक आसान फ़ोन प्रोग्राम डाउनलोड करके या अपनी व्यक्तिगत सारणी प्रिंट करके टीका लगवाने की तिथियां नोट करें।

NSW GOVERNMENT | Health

SHPN (SRC) 130057

प्रतिरोधक टीके लगवाने में देरी न करें
बीमारियों से बचने में सहायता करें

SAVE THE DATE TO VACCINATE

NSW GOVERNMENT | Health

तथ्य

प्रतिरोधक टीकों की दवाएं सर्वाधिक सुरक्षा तभी प्रदान करती हैं जब टीके समय पर लगवाए जाते हैं। जब आपका बच्चा कुछ अस्वस्थ दिखाई दे रहा हो तो टीका लगवाने में देरी करना आम बात है। लेकिन सच बात यह है कि यदि बच्चे की नाक बह रही है या उसे थोड़ा सा ज़ुकाम है तो भी उसे टीका लगवाया जा सकता है। आपके बच्चे को घातक बीमारियों से सुरक्षित रखने का सर्वोत्तम उपाय उसे समय पर टीके लगवाना है।

प्रतिरोधण करवाने की आवश्यकता क्यों है

- आपके बच्चे को घातक बीमारियों से सुरक्षित रखने का सर्वोत्तम उपाय उसे समय पर टीके लगवाना है
- प्रतिरोधण के द्वारा आप न केवल अपने बच्चे को बल्कि पूरे समाज को सुरक्षित रखते हैं
- जितने ज्यादा लोग अपने बच्चों को टीके लगवाएंगे, उतना ही अधिक हम प्रतिरोधण द्वारा रोकी जा सकने वाली घातक बीमारियों पर नियंत्रण पाने में समर्थ होंगे।

प्रतिरोधण कब करवाएं

दि न्यू साउथ वेल्स् इम्युनाइज़ेशन शड्यूल (न्यू साउथ वेल्स् का प्रतिरोधण कार्यक्रम) यह संस्तुति करता है कि बच्चों को निम्नलिखित आयु पर टीके लगवाए जाएं:

- जन्म के समय
- 6–8 सप्ताह
- 4 महीने
- 6 महीने
- 12 महीने
- 18 महीने
- 3½–4 वर्ष

अपने बच्चे को समय पर टीके लगवाना महत्त्वपूर्ण है। इसलिए, समय आने से पहले अपने चिकित्सक या प्रतिरोधण सेवा प्रदाता के साथ टीका लगवाने का समय नियत करें और उसे नोट कर लें।

immunisation.health.nsw.gov.au पर जा कर SAVE THE DATE नामक आसान फ़ोन प्रोग्राम डाउनलोड करें या अपनी व्यक्तिगत सारणी प्रिंट करें

संभावित दुष्प्रभाव

टीकों की दवाएं सुरक्षित और कारगर होती हैं। प्रतिरोधण के लाभ उसके संभावित खतरों से कहीं अधिक हैं। लेकिन अन्य दवाइयों की ही भाँति कभी-कभी प्रतिरोधण की दवा के दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। आम तौर पर दुष्प्रभाव हल्के और थोड़े समय के लिए होते हैं और इनमें टीके के स्थान पर दर्द होना, सूजन या लाली आना शामिल हैं। गंभीर दुष्प्रभाव विरले ही देखने में आते हैं।

यदि संभावित दुष्प्रभावों के बारे में आपको किसी प्रकार की चिंता है तो इसके बारे में अपने चिकित्सक या प्रतिरोधण सेवा प्रदाता से बातचीत करें।

रिकॉर्ड (अभिलेख) रखना

चाईल्ड केयर (शिशु देख-रेख), प्रि-स्कूल और विद्यालय में दाखिला लेने के लिए आपको अपने बच्चे के प्रतिरोधण का रिकॉर्ड दिखाना होगा। अपने बच्चे की इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट (लगाए गए टीकों का विवरण) प्राप्त करने के लिए इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर को 1800 653 809 पर फ़ोन करके संपर्क करें।